Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to introduce 'Vande Bharat Express' between Solapur and Mumbai.

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) : सर्वप्रथम माननीय रेल मंत्री जी का सहृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मेरे संसदीय क्षेत्र महाराष्ट्र के सोलापुर से मुंबई के बीच 'वंदे भारत' ट्रेन की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस उपहार के लिए मै मेरे संसदीय क्षेत्र की तमाम जनता की और से उनका आभार व्यक्त करता हूँ। ऐसा सुनने में आ रहा है कि सोलापुर से मुंबई के बीच चलने वाली 'वंदे भारत एक्सप्रेस' मार्च 2023 मे शुरू की जायेगी. यह बड़ी सौभाग्य की बात है लेकिन मै माननीय मंत्रीजी से यह नम्रतापूर्वक आग्रह करता हूं कि सोलापुर से मुंबई के बीच चलाये जानेवाली वंदे भारत एक्सप्रेस' का शुभारंभ 14 जनवरी 2023 को किया जाये। इस दिन का विशेष महत्व यह है कि 14 जनवरी से 16 जनवरी के बीच सोलापुर शहर मे गड्डा यात्रा नामक उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से लाखो लोग सोलापुर शहर मे आते है। इस यात्रा का बहुत ऐतिहासिक महत्त्व हैं । इसलिये इस शुभ दिन पर अगर रेल प्रशासन की ओर से सोलापुर से मुंबई के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू होती है तो यह समस्त सोलापुर और गड्डा यात्रा में आने वाले यात्रियों के लिए एक उपहार होगा। अतः माननीय रेल मंत्री जी से नम्र अनुरोध करता हूँ कि सोलापुर से मुंबई के बीच चलाई जाने वाली वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ 14 जनवरी 2023 को किया जाये।

धन्यवाद।